exam WiNNER®

A



समग्र शिक्षा केरल

# ANNUAL EVALUATION 2021-22

कक्षा 5

हिंदी

**सामान्य निर्देश:**

- पंद्रह मिनिट का कूल ऑफ़ टाइम प्रश्न पत्र वाचन के लिए है।
- गतिविधि 1 और 2 में से किसी एक का उत्तर लिखें।
- 3 से 9 तक की गतिविधियों में से किन्हीं चार के उत्तर लिखें।

## गतिविधि 1

**सूचना: खंड पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

एक कौए को प्यास लगी। पर पानी कहीं नहीं मिला। वह एक बगीचे में पहुँचा। वहाँ एक घड़ा देखा। उसमें थोड़ा पानी था। कौए ने कंकड़ लेकर घड़े में डाला। पानी ऊपर आया। उसने पानी पिया। (घड़ा-കുടം, कंकड़-ചെറിയ കല്ല്)

क) किसको प्यास लगी?

अ) कोयल — आ) तोता

इ) कौआ — ई) मोर

ख) कौए ने घड़ा कहाँ देखा?

अ) सड़क — आ) बगीचा

इ) घर — ई) आँगन

ग) घड़े में क्या था?

अ) पानी — आ) दूध

इ) शरबत — ई) चाय

घ) कौए ने घड़े में क्या डाला?

अ) चावल — आ) कंकड़

इ) रोटी — ई) मिठाई

ङ) सही प्रस्ताव चुनकर लिखें।

अ) कौए ने पानी पिया। — आ) कोयल ने पानी पिया।

इ) मोर ने पानी पिया। — ई) कौए ने पानी नहीं पिया।



exam WiNNER®

exam WiNNER®

सूचनाः खंड पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

नमन एक दिन मम्मी के साथ नदी देखने गया। दोनों नदी के कि..र गए। ठंडी हवा चल रही थी। पानी में मछलियाँ तैर रही थीं। (ठंडी हवा-തണുത്ത കാറ്റ്)

क) नमन किसके साथ गया?

अ) मम्मी
आ) पापा
इ) भाई
ई) बहन

ख) नमन क्या देखने गया ?

अ) शहर
आ) गाँव
इ) तालाब
ई) नदी

ग) मछलियाँ कहाँ तैर रही थीं?

अ) खेत
आ) पानी
इ) सड़क
ई) जंगल

घ) कैसी हवा चल रही थी?

अ) ठंडी
आ) गरम
इ) अच्छी
ई) तेज़

ङ) सही प्रस्ताव चुनकर लिखें।

अ) दोनों शहर देखने गए।

आ) दोनों तालाब देखने गए।

इ) दोनों नदी देखने गए।

ई) दोनों गाँव देखने गए।

## गतिविधि 3

**सूचनाः कविताांश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

प्यारी-प्यारी अम्मा मेरी,
मीठे-मीठे गीत सुनाती,
ताज़ा-ताज़ा दूध पिलाती,
तरह-तरह का खाना देती।

क) समान ध्वनिवाले तीन शब्द चुनकर लिखें।

जैसे,

प्यारी-प्यारी

................

................

................

ख) शब्दों को क्रमबद्ध करें और पंक्तियाँ लिखें ।

दूध/ ताज़ा-ताज़ा/ पिलाती

देती/ खाना/ तरह-तरह का

exam WiNNER®

**सूचनाः विवरण पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

सीना ग्यारह साल की लड़की है। वह पाँचवीं कक्षा में पढ़ती है। उसके स्कूल का नाम जी यू पी स्कूल वडकरा है। पुलिस बनना उसका सपना है।


क) सीना की प्रोफ़ाइल तैयार करें।

| | |
|---|---|
| नाम | : ................................ |
| कक्षा | : ................................ |
| स्कूल | : ................................ |
| आयु | : ................................ |

ख) सीना का सपना क्या है?

## गतिविधि 5

सूचनाः चित्रों के आधार पर वाक्यों को क्रमबद्ध करें।




- लोमड़ी, भालू, हाथी, हिरण सब खरगोश के पीछे दौड़े
- पेड़ के नीचे कटहल पड़ा था। वे हँसने लगे।
- खरगोश पेड़ के नीचे सो रहा था।
- खरगोश चिल्लाकर भागा।
- दौड़-दौड़ कर वे सब कटहल के पेड़ के नीचे पहुँचे

## गति

exam WiNNER®

सूचनाः पढ़ें और उत्तर लिखें।

यह ऐनक है  की

यह है  हिरण भगोड़े की

यह ऐनक है  की

यह  के साथी की

हाथी

हिरण

चीता


घोड़े

क) सही शब्दों से कविता की पूर्ति करें।

ख) कविता के लिए उचित शीर्षक दें।

exam WiNNER

सूचनाः चित्र देखें, तालिका भरें।



केला, बैंगन, गाजर, सेब, करेला, अंगूर

| फल | सब्जी |
|---|---|
| सेब | |
| | |
| | |

exam WiNNER

सूचनाः 'पीपल दादी की कथा' पाठ का यह अंश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

मैं पीपल का पेड़ हूँ। मैं नहीं जानती कि मेरी आयु कितनी है। लेकिन मुझे याद है, कई साल पहले किसी भले आदमी ने अगस्त के महीने में मुझे यहाँ लगाया था। हर साल इस गाँव के लोग 1 अगस्त को मेरा जन्मदिन मनाते हैं।

क) पीपल दादी का जन्मदिन कब मनाते हैं?

ख) सुबह 9 बजे उदिनूर मैदान में पीपल दादी का जन्मदिन समारोह है। उसके लिए एक पोस्टर तैयार करें।

**सूचनाः खंड पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

विनु दोस्त के घर जा रहा था। सड़क पर केले का छिलका पड़ा था। छिलके पर साइकिल फिसल गई। विनु नीचे गिरा। पैर पर चोट लगी।

क) विनु कहाँ जा रहा था?

अ) स्कूल    आ) दूकान

इ) दोस्त के घर    ई) शहर

ख) साइकिल के फिसल जाने पर किसको चोट लगी?

ग) सही मिलान करें।

| क | ख |
|---|---|
| विनु | चोट लगी। |
| छिलके पर | दोस्त के घर जा रहा था। |
| पैर पर | साइकिल फिसल गई। |